दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-pariihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका   संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916   सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 82 | छतरपुर, गुरूवार 17 अक्टूबर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16


## कलेक्टर ने खाद बीज की उपलब्धता बनाए रखने के दिए निर्देश

**-अवैध भण्डार एवं अमानक खाद बीज मिलने पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश**

**-सही जानकारी नही देने पर बीज प्रमाणीकरण अधिकारी को शोकॉज**

**-कलेक्टर ने सागर में होने वाली ए.पी.सी. बैठक के पूर्व कृषि सहित अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा की**




छतरपुर। कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा सागर में 21 अक्टूबर को संभागीय बैठक प्रस्तावित है। जिसके तारतम्य में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने विगत रोज कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि उपज मंडी, सहकारिता, मार्कफेड, मत्स्य इत्यादि के अधिकारियों के साथ जिले में खाद बीज सहित अन्य कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों की प्रगति बढ़ाएं और कृषकों को सोसायटियों सहित अन्य दुकानों से खाद क्रय करने में किसी भी प्रकार की समस्या नही हो। कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि कृषकों के लिए खाद की उपलब्धता बनाए रखें।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सही जानकारी उपलब्ध नही कराने एवं विगत बैठकों में उपस्थित नहीं रहने पर बीज प्रमाणीकरण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा नकली खाद बीज पर नजर बनाए रखें और नमूने लेकर जांच के लिए भेंजे। साथ ही नमूने फैल होने और उर्वरक अमानक मिलने पर संबंधित पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने खाद-बीज विक्रेताओं के गोदाम स्टाक और दुकानों का निरीक्षण लायसेंस चेक करने के भी निर्देश दिए।

## प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल अल्प प्रवास पर खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे

**प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया**



छतरपुर। प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल बुधवार को खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे। जहां प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल श्री पटेल का आत्मीय स्वागत कर अगुवाई की। इस दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम बलबीर रमन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान राज्यपाल श्री पटेल अल्प प्रवास के लिए खजुराहो एयरपोर्ट के लाउंज में रुके। तत्पश्चात भोपाल के लिए हेलीकॉप्टर के माध्यम से रवाना हुए।

## सीएमओ माधुरी शर्मा का पन्ना तबादला

छतरपुर। राज्य शासन के नगरीय एवं आवास विभाग द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के तबादले किये गये हैं जिसमें नपा छतरपुर की सीएमओ माधुरी शर्मा का नाम भी शामिल है। सुश्री शर्मा को परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण पन्ना के पद पदस्थ किया गया है वहीं नगर पालिका परिषद छतरपुर के सहायक ग्रेड एक अरविन्द कुमार तिवारी को सीएमओ नगर परिषद निवाड़ी पदस्थ किया गया है। छतरपुर नगर पालिका में अभी सीएमओ के पद पर किसी को पदस्थ नहीं किया गया है।

## हनुमान टोरिया पर होगा कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव

छतरपुर। श्री हनुमान टोरिया मंदिर पर कार्तिक मास में चलने वाला अखंड रामधुन संकीर्तन की बैठकी 17 अक्टूबर को पूर्णिमा के अवसर पर पूरे विधि-विधान से होगी। पूरे कार्तिक मास में चलने वाले अखंड रामधुन संकीर्तन का समापन कार्तिक मास की पूर्णिमा पर 15 नवंबर को संपन्न होगा। जिसमें हवन पूजन के उपरांत विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसके साथ 12 और 13 नवंबर को राधा कृष्ण के महारास का भव्य आयोजन भी होगा। महारास के लिये निशुल्क पंजीयन 17 से 25 अक्टूबर तक और प्रशिक्षण 25 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। महारास में भाग लेने के लिये मातृ शक्ति के पंजीयन हेतु सरिता सिंह गर्ल्स स्कूल के पास, विशाषा सेन सटई रोड, वर्षा ब्यूटी सैलून डेरा पहाडी,पन्ना नाका, हनुमान टोरिया मंदिर, कु. आस्था चौरसिया चेतगिरि कालौनी से संपर्क किया जा सकता है। हनुमान टोरिया रावतन ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालुओं से पुण्य लाभ प्राप्त करने का निवेदन किया है।

## ट्रैन की चपेट में आने से बकरी चरा रहे 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

हरपालपुर। मंगलवार शाम मालगाड़ी ट्रैन की चपेट में आने से 55 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वह बकरियां चरा रहा था। झाँसी मानिकपुर रेल्वे ट्रैक पर हरपालपुर स्टेशन के पास महोबा की ओर आउटर सिंगल के पास पोल संख्या 1213/9 के पास की घटना है।

स्टेशन प्रबंधक की सूचना पर थाना महोबकंठ पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान शिवचरन पाल निवासी धारवाड़ हाल निवास वार्ड 10 स्टेशन मुहल्ला हरपालपुर के रूप में की गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुबह बकरियां चराने रेल ट्रैक के किनारे गए थे। मालगाड़ी की आवाज़ सुनकर बकरियां रेलवे ट्रैक पर दौड़ पड़ी। इन बकरियों को ट्रैक से हटाने के लिए वे भी दौड़े, इसी बीच मालगाड़ी आ गई। मालगाड़ी की टक्कर से मृतक शिवचरन पाल रेलवे ट्रैक से दूर जा गिरा। चोट आने पर गंभीर रूप से घायल शिवचरन की मौके पर ही मौत हो गई।

## नाबालिग युवक सहित उसके दोस्त के साथ बुरी तरह मारपीट करने की घटना में चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी मारपीट की घटना**



छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग युवक सहित उसके दोस्त के साथ मारपीट करते हुए वीडियो वायरल हुए हैं जिसमें युवक के साथ कुछ लड़कों द्वारा बुरी तरह मारपीट की जा रही है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर चार लोगों पर मामला पंजीबद्ध कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में एक युवक के साथ कुछ लोगों द्वारा बर्बरतापूर्वक मारपीट की जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद फरियादी नाबालिग युवक ने परिजनों के साथ सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उक्त युवक ने बताया कि 12 अक्टूबर मूर्ति विसर्जन के दौरान जब वह छत्रसालनगर स्थित अपने दोस्त के घर पर था तभी कुछ लड़के आए और घूमने जाने की बात कहकर उसे व उसके दोस्त को छत्रसालनगर में स्थित भूत बंगला के पास ले गए और वहां पुरानी बुराई के चलते नाबालिग व उसके दोस्त की मारपीअ कर दी साथ ही वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए गए थे। सिविल लाइन टीआई बाल्मीक चौबे ने कहा कि पीड़ित नाबालिग की शिकायत पर 4 लोगों के खिलाफ 296, 115, 341, 351, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर तलाश शुरू दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# विद्युत फाल्ट का पता लगाने नया एबी स्विच लगाया गया

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। खजुराहो के मध्य प्रदेश पूर्व विद्युत वितरण लिमिटेड कंपनी खजुराहो द्वारा जारी की गई। प्री दीपावली पोस्ट मानसून मेंटेनेंस 33 /11 के.वी.ए लाइन के बीच में जो पेड़ लाइन की नीचे आ गए थे उसकी पेड़ों की झाड़ कटिंग की गई एवं लाइट में फाल्ट होने के कारण अधिक समय लाईन फाल्ट ढूंढने में लगता था जिसके कारण उपभोक्ताओं को असुविधा लाइट की होती थी इसलिए टोरिया से लेकर अकौना के बीच में A.B स्विच नया लगाया गया जो लाइन फाल्ट को जल्दी लाइन फाल्ट का पता लगा सके एवं ज्यादा समय न लग सके एवं समय की बचत हो सके उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा बिजली मिल सके। यह जानकारी खजुराहो शहर के अभियंता आंनद त्रिपाठी ने दी है।



# किसानों के लिये खुशखबरी

## डीएपी खाद की रैक हरपालपुर रेलवे स्टेशन पहुंची

हरपालपुर। जिले के किसानों के बीच रबी सीजन पर डीएपी खाद की किल्लत बनी हुई है। बुधवार को एक बार फिर जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर मिली। सात दिनों में दूसरी बार छतरपुर जिले के हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह साढ़े 11 बजे 2756.3 मीट्रिक टन इफ्को कंपनी की डीएपी खाद पहुंची। जिसमें छतरपुर जिले को 1150 मीट्रिक टन और टीकमगढ़ जिले को 920 मीट्रिक टन डीएपी खाद का आवंटन किया गया है। उक्त खाद दोनों जिलों की सोसायटियों एवं मार्कफेड गोदामों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जाएगा।



कृषि विभाग की निगरानी में खाद ट्रकों में लोड कराकर मार्कफेड गोदामों के लिए रवाना होना शुरू हो गया है। कृषि विकास अधिकारी सूरजभान पटेल ने उम्मीद जताई है कि जिले में किसानों तक समय से और पर्याप्त डीएपी खाद मिल सकेगा। किसानों को डबल लॉक गोदामों एवं सहकारी समितियों के माध्यम से खाद का वितरण किया जाएगा। श्रीराम कंपनी के परिवहन ठेकेदार रणछोर चौरसिया ने बताया कि ट्रकों के माध्यम से हरपालपुर स्टेशन के रैक पॉइंट से छतरपुर और टीकमगढ़ जिले के मार्कफेड गोदामों एवं सहकारी समितियों में डीएपी खाद भेजा जा रहा है।

जिले के छतरपुर मार्कफेड गोदाम में 60 टन, घुवारा 60 टन, बमीठा 150 टन, लवकुश नगर 100 टन, बिजावर 60, बड़ामलहरा 60 टन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक 660 टन खाद भेजा जाएगा। वही टीकमगढ़ जिले की मंडी में 100 टन, बल्देवगढ़ 60 टन, पृथ्वीपुर 100 टन, निवाड़ी 100 टन, जतारा 60, पलेरा 100 टन, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक टीकमगढ़ 400 टन डीएपी खाद भेजा जा रहा है।

## सुमति अकेडमी के विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में चयन

छतरपुर। सुमति अकादमी के छात्रों का रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ। राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में चयनित होकर विद्यालय सहित छतरपुर शहर का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्रों में अन्डर-11 रोलर स्केटिंग कैटेगरी से 200 मीटर क्वाइट्स में दर्शित गुप्ता एवं रायना शर्मा कक्षा-4 प्रथम, युगजीत गुप्ता कक्षा-5 दूसरे, 500 मीटर क्वाइट्स में आशय सिंघई कक्षा-6 से प्रथम स्थान , एवं अन्डर-14 कैटेगरी से 1000 मीटर क्वाइट्स में अदिति रिछारिया कक्षा-8 एवं हार्दिक तिवारी कक्षा-6 दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा अन्डर-11 रोलर स्केटिंग 1000 मीटर इनलाइन में अर्नव गंगेले कक्षा -3, गार्गी गुप्ता कक्षा-4 प्रथम, हर्षित सोनी कक्षा -4 दूसरे स्थान, 1500 मीटर इनलाइन में अक्षांश चौरसिया एवं शिवन्या शर्मा कक्षा-4 ने प्रथम स्थान एवं 500 मीटर इनलाइन में आशवी चौरसिया ने प्रथम, 200 मीटर में स्वराली यादव कक्षा -5 से प्रथम स्थान पर रही। अन्डर-14 कैटेगरी से 200 मीटर में लावन्या शर्मा कक्षा-5 ने प्रथम स्थान, 200 मीटर में आरिश चौरसिया कक्षा -6 दूसरे 2000 मीटर में आरव साहू कक्षा -6 ने प्रथम स्थान पर रहे छात्रों का चयन हुआ। विद्यालय के चेयरमेन श्री सोमिल अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमति भावना अग्रवाल एवं प्राचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा और शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बहुत बधाई दी और अगले स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



# विधायक ने बांटे संबल योजना में स्वीकृत आदेश





**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। आज नगर परिषद खजुराहो के सभा कक्ष में स्थानीय राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया के द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण संभल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि स्वीकृत आदेश का वितरण कराया गया जिसमें मुख्य अतिथि राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, नगर परिषद सीएमओ बसंत चतुर्वेदी,नगर परिषद उपाध्यक्ष बिट्टी बाई पाल के जनप्रतिनिधि आसाराम पाल, पार्षद गौरव सिंह बघेल, दिनेश गौतम , रामावतार चौबे, रवि नायक, घनश्याम अनुरागी, चिरैया अहिरवार, रामस्नेही दुबे, मुकेश पांडे, रविन्द्र पाठक एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें हितग्राहियों में श्रद्धा सिंह, कलावती ,प्रतिमा विश्वकर्मा, चंदाबाई अहिरवार, बसंती, हेमराज ,पूजा अनुरागी एवं अर्चना सिंह आदि को 2 लाख सामान्य मृत्यु पर एवं चार लाख दुर्घटना मृत्यु पर स्वीकृत आदेश वितरित किए गए नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत चतुर्वेदी के द्वारा आए हुए हितग्राहियों एवं अतिथिगण का आभार व्यक्त किया गया।

# बकस्वाहा में खुलेगा नेत्र चिकित्सालय

## आचार्य सुनील सागर जी महाराज ने की यह घोषणा



***बकस्वाहा। बुंदेलखंड के गौरव परम पूज्य आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महाराज के आशीर्वाद से बक्सवाहा में नेत्र चिकित्सालय की आधारशिला रखी जाएगी। विश्व विख्यात मार्बल नगरी किशनगढ़ में विराजित आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महाराज ने विगत 13 अक्टूबर को विशाल जन समुदाय के बीच यह घोषणा की। इस नेत्र चिकित्सालय के लिए मास्टर पदम् चंद संजय कुमार अभय कुमार मधुर कुमार जैन ने मुख्य हाईवे जबलपुर से झांसी छतरपुर पर पांच एकड़ कीमती जमीन दान दी है। मार्बल नगरी किशनगढ़ में उद्योग पति सुरेश पाटनी एवं आचार्य आदिसागर अंकलीकर अंतरराष्ट्रीय मंच के अध्यक्ष अजीत कासलीवाल समाज के अध्यक्ष विनोद पाटनी आचार्य श्री सुनिलसागर युवा मंच के अध्यक्ष विकास बड़जात्या ने भूमि दान दाता परिवार मास्टर पदम् चंद परिवार का स्वागत किया।***

बुंदेलखंड के निर्धन गरीब अंचल बक्सवाहा में नेत्र चिकित्सालय की सौगात की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। आचार्य श्री सुनिलसागर जी के आशिर्वाद से कई गरीबों को नेत्र ज्योति मिलकर नया जीवन मिलेगा साथ बुंदेलखंड क्षेत्र का विकास होगा। वर्तमान में बुंदेलखंड से प्रति माह 8800 मोतियाबिंद के मरीज अपनी आंखों के ऑपरेशन के लिए 300 किमी चित्रकूट जाना पड़ता है। नेत्र चिकित्सालय प्रारंभ होने से अब लोगो को बहुत सुविधा होगी।

बक्सवाहा जैन तीर्थ नैनागिर द्रोणगिरी कुंडलपुर खजुराहो आहार जी पपोराजी मडिया जी के साथ भीमकुंड बांदकपुर जटाशंकर के मध्य में हाईवे पर स्थित होने से संपूर्ण बुंदेलखंड वासियों को नेत्र चिकित्सालय का लाभ मिलेगा। क्षेत्र वासियों ने आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज की आशिर्वाद से आचार्य श्री आदि सागर अंकलीकर ट्रस्ट के माध्यम से संचालित होने वाले नेत्र चिकित्सालय के लिए आभार व्यक्त किया है। जनपद अध्यक्ष मोती रजनी यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष नीमा देवी सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष मदन असाटी पार्षद गण आशा वीरेन्द्र सिंघाई कल्पना अरविंद तिवारी अनुराधा सचिन सोनी उमा मनोज यादव हरिराम पटेल मनोज पटेल मुरली पटेल सीमा मनीष जैन जनपद सदस्य मिली फट्टा पूर्व जनपद अध्यक्ष धनसिंह लोधी रामकिशोर अहिरवार पार्षद आदि ने कृतज्ञता ज्ञापित की है।

# विधायक ने किया बिजावर से दशहरा मिलन समारोह का शुभारंभ

छतरपुर। बिजावर विधानसभा क्षेत्र की जनता से मिलकर उनका हाल जानने के उद्देश्य से विधायक राजेश शुक्ला बबलू द्वारा विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन स्थानों पर हर वर्ष की भांति दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ बुधवार को बिजावर शहर के जानकी निवास मंदिर से हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने विधायक सहित एक-दूसरे को तिलक लगाकर दशहरे की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बुंदेली परंपरा के अनुसार क्षेत्र की जनता से मुलाकात करने और त्यौहार की शुभकामनाएं देना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र की जनता से मुलाकात हो रही साथ ही उनका अपार स्नेह और आशीर्वाद भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि चूंकि यह समय खेती-किसानी करने वाले लोगों के लिए व्यस्त समय है इसलिए क्षेत्र के ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां पूरी विधानसभा के लोग आसानी से पहुंच सकें। व्यस्तता के बावजूद बड़ी संख्या में आज लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं। श्री शुक्ला ने उपस्थित लोगों का आभार जताते हुए बताया कि कल 17 अक्टूबर को ईशानगर के रामाराजा मंदिर में, 18 अक्टूबर को मातगुवां के गुबरन हनुमान मंदिर, 19 अक्टूबर को किशनगढ़ के रेस्टहाउस, 21 अक्टूबर को झमटुली के रामघाट और 22 अक्टूबर को सटई के चंदा मैरिज गार्डन में दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। विधायक श्री शुक्ला ने क्षेत्र के लोगों से उक्त आयोजनों में शामिल होने की अपील की है।



# सांसद श्रीमती लता गुड्डू वानखेड़े ने सांसद संवाद केंद्र में सुनीं आम नागरिकों की समस्याएं

## पार्टी की सदस्यता के संबंध में श्रीमती लता वानखेड़े ने कार्यकर्ताओं से की चर्चा



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सांसद श्रीमती लता गुड्डू वानखेड़े ने बुधवार को सांसद संवाद केंद्र में बैठकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक निर्देश दिए ।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं से वंचित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सांसद ने व्यक्तिगत तौर पर लोगों की शिकायतें सुनीं और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जनहित के मुद्दों पर सरकार पूरी तत्परता से कार्य कर रही है और उनका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है।

इस दौरान बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से नागरिकों ने बताएं। कई ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग अपनी स्थानीय समस्याओं को लेकर सांसद के पास पहुंचे । इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से पार्टी की सदस्यता अभियान के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में जो कार्यकर्ता अभी तक पार्टी से नहीं जुड़ पाए हैं उन्हें शीघ्रता से निर्धारित समय सीमा के भीतर सदस्य बनाएं। उन्होंने इस अभियान को भाजपा के संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण बताया और कहा कि जितने ज्यादा लोग पार्टी से जुड़ेंगे, उतना ही संगठन को मजबूती मिलेगी।

श्रीमती वानखेड़े ने इस बात पर भी जोर दिया कि संगठन की मजबूती ही किसी भी पार्टी की सफलता की कुंजी होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यशैली और उसकी नीति देशभर में लोगों को आकर्षित कर रही है, और यही कारण है कि पार्टी का सदस्यता अभियान तेजी से बढ़ रहा है। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला अध्यक्ष श्री हरिराम ठाकुर भी उपस्थित थे।

श्री ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संगठन के विस्तार पर बल देने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि भाजपा ने हमेशा से ही जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि इस समय पार्टी के पास संगठन को और भी सशक्त करने का अवसर है, जिसे किसी भी हालत में हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी ने सांसद के साथ मिलकर क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और योजनाओं को लेकर रणनीतियां बनाईं।

# जिले की वायु गुणवत्ता को और बेहतर बनाने हेतु सभी संबंधित विभाग समुचित प्रयास करें - कलेक्टर संदीप जी.आर.

## कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की जिला स्तरीय समिति बैठक सम्पन्न हुई




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। जिले की वायु गुणवत्ता को और बेहतर बनाने हेतु सभी संबंधित विभाग समुचित प्रयास करें उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी.आर. ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की जिला स्तरीय समिति बैठक में दिये। बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित इस जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर संदीप जी. आर. ने कहा की जिले में वायु को प्रदूषित करने वाले कारकों को चिन्हित कर वायु प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए व्यापक अभियान चलाकर सख्ती से कार्यवाही करें। उन्होंने आरटीओ विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की जिले में अनफिट वाहनों की सघन चैकिंग करें और चिन्हित अनफिट वाहनों सहित पीयुसी सर्टिफिकेट न होने पर वाहनों पर सख्त कार्यवाही करें। फूड विभाग होटलों रेस्टोरेंट आदि दुकानों की जाँच करें और खाद्य पदार्थ बनाने हेतु ईधन के रूप में कोयला, लकड़ी आदि वायोमास ईधन के उपयोग पर रोक लगाएं।होटलों रेस्टोरेंट आदि संचालक सीएनजी व एलपीजी ईधन का उपयोग कर खाद्य पदार्थ बनायें। उद्योग विभाग एवं नगर निगम प्रशासन शहर में संचालित उद्योग कलकारखानों में वायु प्रदूषण रोकथाम हेतु किये गये उपायों की जाँच करें और वायु प्रदूषणकारी कलकारखानों पर कार्यवाही कर वायु प्रदूषण रोकथाम सुनिश्चित करें। नगरीय क्षेत्र में ग्रीनएरिया का विकास करें।

वातावरण स्वच्छ साफ रखने के लिए धूल, धुंआ आदि को समाप्त करने हेतु रहवासियों का सहयोग आवश्यक है आईईसी गतिविधियों और जागरूकता केंपेन के माध्यम से सभी जिलेवासियों को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की जानकारी दें और अपने आस-पास वातावरण को स्वच्छ बनाने हेतु जागरूक बनायें।

नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड राजकुमार खत्री ने कहा की स्मार्ट सिटी के द्वारा तीन बड़े पार्को सहित लगभग 48 पार्को का निर्माणकर ग्रीन एरिया में विकास किया गया है। नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के माध्यम से खाली प्लॉट और शासकीय जमीनों को चिन्हित कर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बड़े स्तर पर प्लांटेशन किया जा रहा है। रोड के किनारे, रोड डिवाइडर पर सघन व्यवस्थित पौधरोपण किया गया है। सिटी फॉरेस्ट का पुनर्विकास कर प्लांटेशन किया गया है। लगभग 12 किलोमीटर सड़क के दोनों ओर एन्ड टू एन्ड पेबर ब्लॉक लगाने का कार्य किया जा रहा है जिससे धूल की समस्या कम होगी। 50 टीपीडी का सीएन्डडी प्लांट संचालित है। लाखा बंजारा झील कायाकल्प से शहर के बीच स्वच्छ पानी का एक विशाल जलस्रोत वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग दे रहा है, इसके साथ ही विभिन्न स्थलों पर कुआँ बावडी आदि का पुनर्विकास कर वाटर फाउंटेन लगाये गये हैं। वॉटर फॉगिंग मशीन से भी पानी की फुहारों का छिड़काव समय समय पर किया जाता है। शहरी वायु गुणवत्ता को और बेहतर बनाने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे हैं इससे नागरिकों को बेहतर जीवन गुणवत्ता के लिए आवश्यक इंवायरमेंट मिलेगा। बैठक में जिला प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, नगर निगम प्रशासन, सागर स्मार्ट सिटी, आरटीओ विभाग, यातायात विभाग, जिला खाद्य विभाग आदि के अधिकारी उपस्थित रहे।

***नागरिक इस प्रकार वायु गुणवत्ता सुधार में सहयोगी बनेंगे***

1- मकानों की तोड़फोड़ एवं निर्माण के दौरान निर्माणकर्ता टिन या ग्रीनमेट लगाकर रखें और समय-समय पर पानी का छिड़काव करें ताकि धूलकण उड़कर हवा में न घुले।

2- खाना पकाने और अन्य कार्यों हेतु ईधन के रूप में वायोमास लकड़ी, कोयला आदि धुंआकारक का उपयोग न करें। सीएनजी, एलपीजी और वायोगेस का उपयोग करें।

3- खुले में कचरा और सॉलिड वेस्ट आदि को एकत्र कर न जलायें। कचरे को कचरा कलेक्शन वाहनों में दें जिससे कचरे का उचित निष्पादन किया जा सके।

4- अपने डीजल पेट्रोल वाहनों की समय पर फिटनेस और पीयूसी जाँच करायें और वाहनों को फिट रखें ताकि प्रदूषण न फैले।

5- किसान खेतों में फसल कटाई के बाद पराली आदि न जलाएं।

6- पर्व और उत्सवो आदि पर ग्रीन पटाखों का उपयोग करें।

7- कच्चे रास्तों पर निर्धारित गति से वाहन चलाएं ताकि डस्ट पार्टिकल कम उड़े।

# झील के रखरखाव को और बेहतर बनाने के लिए रिवेंन्यु मॉडल तैयार करें - विधायक शैलेन्द्र जैन

## विधायक श्री जैन ने निगमाध्यक्ष और निगमायुक्त के साथ लाखा बंजारा झील कायाकल्प कार्यो की समीक्षा की

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। स्मार्ट सिटी सभकक्ष में बुधवार को विधायक शैलेन्द्र जैन ने नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार और नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड राजकुमार खत्री के साथ लाखा बंजारा झील कायाकल्प कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा की शेष छोटे मोटे फिनिशिंग के कार्यों को तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की झील के शेष कार्यों सहित पाथ-वे, घाट, गार्डन आदि की साफसफाई, रेट्रोफिटिंग, टूटफूट को पुन: दुरुस्त करने के कार्य, लाइटिंग, प्लांटेशन आदि कार्यों को पूरी तरह फिनिश करायें। उन्होंने कहा की झील किनारे ओपन जिम उपकरण अलग-अलग चयनित स्थलों पर लगाएं ताकि चारों ओर से घूमने आने वाले आगनतुक स्वास्थ्य लाभ ले सकें। घाटों पर विभिन्न स्थलों पर आवश्यकतानुसार चाइल्ड स्टेप सीढ़ियों का निर्माण करें इससे बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सुगमता से घाट पर उतर चढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा की नाला टैपिंग से बहकर आने वाले ग्रेवाटर को वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीटकर झील किनारे लगाये गये पौधों की सिंचाई हेतु ड्रिप एरीगेशन में उपयोग करें और शेष बचे ट्रीटेड वॉटर को मोंगाबधान में छोड़े। उन्होंने कहा की झील सागर की धरोहर है और इसे सुरक्षित रखना शासन प्रशासन के साथ ही प्रत्येक नागरिक की सयुक्त जिम्मेदारी है। झील किनारे सभी रहवासी अपने आस-पास के क्षेत्र की देखरेख करें और किसी भी प्रकार की अनैतिक या तोड़फोड़ की गतिविधि होने पर तत्काल सूचित करें। निगमप्रशासन और ठेकेदार एजेंसी झील की सुरक्षा और साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त संख्या में सुरक्षागार्ड और सफाईकर्मी तैनात करें।



सागर के रहवासियों की जनभावनाओं, धार्मिक आस्था से जुड़ी यह झील सागर ही नहीं प्रदेश और देश के महत्वपूर्ण जल स्त्रोतों में से एक है भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बार इस झील का जिक्र अपने वक्तव्य में किया है जल्दी ही माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के करकमलों द्वारा इस ऐतिहासिक झील के नये मनोहारी स्वरूप का लोकार्पण कराने का प्रयास हम कर रहे हैं। उन्होंने कहा की कायाकल्प के बाद इस सुंदर झील का यह स्वरूप हमेशा बना रहे और इसका रखरखाव बेहतर ढंग से किया जा सके इसके लिए रिवेंन्यु मॉडल तैयार करें। ताकि रखरखाव के छोटे मोटे कार्यों हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध रहे।उन्होंने झील कायाकल्प और सौन्दर्यीकरण के सभी कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और

बैठक में नगर निगम प्रशासन, सागर स्मार्ट सिटी के इंजीनियर्स, अधिकारी और ठेकेदार एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रभार दो नगर पंचायतों का, सीएमओ डेरा जमाए छतरपुर में,पार्षदों ने खोला मोर्चा

## बल्देवगढ़ और खरगापुर नगर पंचायतों का कामकाज प्रभावित

सौरभ खरे

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। अफसरशाही का जिले में इस कदर बोलबाला है कि आम जनता की सुनने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। अधिकांश कार्यालय प्रभारियों के भरोसे चलने लगे हैं। कई दफ्तरों का कामकाज प्रभावित होने से जनता त्रस्त है। इन्हीं लापरवाही और मनमानी करने वाले अधिकारियों में नगर परिषद बल्देवगढ़ सीएमओ का नाम गिनाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि दो स्थानों का प्रभार होने से दोनों नगरों का कामकाज प्रभावित बना हुआ है। बताया गया है कि नगर परिषद बल्देवगढ़ के पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों का आरोप है कि सीएमओ अरविंद तिवारी मुख्यालय पर नहीं रहते। जिससे नगर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बुधवार को पार्षदों ने मामले की शिकायत एसडीएम से की है। नगर परिषद उपाध्यक्ष दयाराम कुशवाहा ने आज वार्ड पार्षदों के साथ एसडीएम भारती देवी मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पत्र सौंपते हुए कहा कि बल्देवगढ़ नगर परिषद सीएमओ मुख्यालय पर निवास नहीं करते। वे छतरपुर जिले में अपना निवास बनाए हुए हैं। सप्ताह में एक दो बार ही बल्देवगढ़ आते हैं।



***घंटों इंतजार कर बैरंग वापिस होते लोग –***

उनका कार्यालय में आने का कोई समय भी निश्चित नहीं है। जिससे आम जनता को अपने काम के लिए उनके आने का घंटों बैठकर इंतजार करना पड़ता है। जिस दिन सीएमओ कार्यालय नहीं आते, उस दिन बिना काम कराए ही लोगों को घर वापस जाना पड़ता है। वार्ड 4 के पार्षद इस्माइल अली ने आरोप लगाते हुए कहा कि सीएमओ के नियमित रूप से कार्यालय नहीं आने के कारण कर्मचारी भी कोई काम नहीं करते हैं। जब पार्षद अपने वार्ड की समस्या लेकर नगर परिषद जाते हैंए तो सीएमओ की अनुपस्थिति में उनके कोई काम नहीं होते। पार्षदों ने सीएमओ की कार्यशैली में सुधार कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष दयाराम कुशवाहा, डॉक्टर इस्माइल अली, मंजिल कुशवाहा, नारायण दास सोनी, नारायण दास कुशवाहा मौजूद रहे।

***एसडीएम ने दिए सीएमओ को निर्देश–***

इस मामले में एसडीएम भारती देवी मिश्रा ने बताया कि पार्षदों की शिकायत पर सीएमओ को नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ के पास बल्देवगढ़ और खरगापुर नगर परिषद का प्रभार है। उन्हें दोनों स्थानों पर नियमित रूप से दफ्तर में उपस्थित होकर काम करने की हिदायत दी गई है, ताकि जनप्रतिनिधियों और आम लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े।

# जो व्यक्ति अपनी संस्कृति, संस्कार, कुल देवता व बुजुर्ग को भूल जाते हैं, वह पतन की ओर जाते हैं - पंडित जगत नारायण

परिहार गर्जना न्यूज। लिधौरा। लगभग 122 वर्ष पूर्व टीकमगढ़ जिले के बड़ा लिधौरा तहसील अंतर्गत आने वाला ग्राम मढ़ई शाहपुर के इतिहास के बारे में गंगेले परिवार के सबसे बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिक कथा व्यास कर्मकांडी ब्राह्मण 95 वर्षीय पंडित जगत नारायण गंगेले शास्त्री की अध्यक्षता में दशहरा मिलन एवं कुलदेवी की पूजा अर्चना का कार्यक्रम 15 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर राजेश गंगेले एवं विशिष्ट स्थिति के रूप में पिपरिया होशंगाबाद से पधारे नारायण दास गंगेले, चंदेरी अशोक नगर से पधारे आसाराम गंगेले, ढड़ारी छतरपुर से पधारे गिरजा प्रसाद गंगेले की उपस्थिति में ब्रह्मदेव गुरु बाबा अध्यक्ष बृज किशोर गंगेले, सहयोगी संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव, दिनेश गंगेले शाहपुर मुहारा के द्वारा यह कार्यक्रम लगभग 200 से अधिक परिवारों ने इस में सहभागिता निभाई। अपनी कुलदेवी कुल देवताओं को पूजन-हवन, आरती करते हुए याद किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक पुरुषोत्तम गंगेले ढड़ारी छतरपुर ने दशहरा मिलन के आयोजन की सफ लता पर बधाई एवं सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बुंदेलखंड क्षेत्र के आकाशवाणी लोकगीत कलाकार पंडित राम नारायण गंगेले बैदौ पनवाड़ी महोबा परिवार सहित उपस्थित हुए। उन्होंने अपनी टीम के साथ धार्मिक भजनों, कीर्तन के माध्यम से आयोजन सफ ल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पंडित जगत नारायण गंगेले शास्त्री ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपनी संस्कृति संस्कार कुल देवता व बुजुर्ग को भूल जाते हैं, वह बंश विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। वर्तमान समय में हमें अपने कुल वंश जन्मभूमि



मातृभूमि और समाज को समर्पण के साथ सेवा करना होगा। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों दूर करते हुए बच्चों में नैतिक शिक्षा संस्कार धार्मिक ग्रंथो का अध्ययन करने पढने और जीवन में अपने के लिए बल दिया। कार्यक्रम के बीच में स्वर्गीय परमानंद गंगेले को याद किया गया और उनको मंच से पुष्पांजलि श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे इंजीनियर राजेश गंगेले ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें अपने कुल वंश और मातृभूमि के लिए कुछ ऐसा काम करने का दायित्व मिला है जैसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने इस अपने पूर्वजों की याद में एक दालान हाल का भी निर्माण कराया है। उसमें बहुत काम बाकी है, उसे पूरा करने के लिए वचन दिया। इस अवसर पर पिपरिया होशंगाबाद से पधारे नारायण दास गंगेले, गिरिजा प्रसाद गंगेले छतरपुर सुरेंद्र गंगेले चंदेरा द्वारा अपने-अपने विचार रखें। कुमारी राधिका गंगेले के उद्बोधन और काव्य पाठ से समाज भाव विभोर हो गया। भूले बिसरे परिवारों का दशहरा मिलन समारोह मंच पर चंदेरा जिला टीकमगढ़ की बेटी कुमारी राधिका गंगेले द्वारा समाज को दिशा देने बेटियों को सम्मान करने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने बुंदेलखंड की गाथा और महापुरुषों को याद करने के लिए अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान वीर रस की कविताओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस बेटी को मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया गया। बुंदेलखंड क्षेत्र के समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने कुमारी राधिका गंगेले चंदेरा जिला टीकमगढ़ को एक होनहार प्रतिभा बताते हुए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली इस बेटी को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याती दिलाने के प्रयास होना चाहिए। श्री गंगेले ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य बनता है कि समाज में धर्म, आध्यात्मिकता, सनातन संस्कृति, साहित्य काव्य संग्रह को लेकर काम करने वाले प्रतिभावान बच्चों को भी प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम के आधारशिला संयोजक दिनेश गंगेले द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। पंडित बृज किशोर गंगेले सतगुवां बड़ा लिधौरा ने इस कार्यक्रम की आयोजन में समाज बंधुओ द्वारा दान करने सहयोग करने वाले सभी अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# कायस्थ महिलाओं को संगठित बनाने आगे आने की जरूरत-सुनीता खरे

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा दिल्ली पंजीकृत की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला बिंग श्रीमती सुनीता खरे ने आयोजित बैठक के दौरान संगठन को सक्रिय और मजबूत बनाने पर जोर दिया। संगठन की प्रदेश सचिव श्रीमती सुनीता खरे के निवास पर आयोजित बैठक के दौरान श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योति खरे एवं श्रीमती शिवानी खरे, सुभी खरे एवं माही खरे को नियुक्ति पत्र सौंपकर संगठन को सक्रिय बनाने और राष्ट्रीय पदाधिकारियों के निर्देशों और मंशानुसार कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर प्रदेश सचिव श्रीमती सुनीता खरे ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि समाज की महिलाओं को जागरूक कर उन्हें आगे लाएं। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाईयां देते हुए मौजूद महिला सदस्यों ने अपनी शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में विभा श्रीवास्तव, मीरा खरे, सुमन खरे, प्रदीप खरे, विष्णु दयाल श्रीवास्तव, रमेश खरे, राजेन्द्र खरे बड़ागांव, छोटू सिन्हा, अंबिका श्रीवास्तव, मुरारी श्रीवास्तव सहित अनेक सदस्यों के नाम शामिल हैं।



# घटना को छिपाए नहीं, बल्कि अपने अभिभावकों को बताएं छात्र

## जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं हितेन्द्र सिंह सिसौदिया प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ के मार्गदर्शन में 16 अक्टूबर 2024 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 टीकमगढ़में पॉक्सो एक्ट, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम एवं नालसा टोल फ्री हेल्पलाईन नंबर 15100 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताया गया है कि वरूण पुनासे,सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ ने उपस्थित छात्र-छात्राओं पॉक्सो एक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी भी छात्र के साथ किसी प्रकार की कोई घटना हो तो उसे छिपाये नहीं, बल्कि अपने गार्जियन को जरूर बताएं ताकि भविष्य में ऐसे मामले की पुनरावुति न हो सके। गुड टच वेड टच, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, बच्चों का लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण एवं संबंधित कानून के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही नालसा टोल फ्री हेल्पलाईन नंबर 15100 मुफत कानूनी सहायता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी एवं हिन्दी दिवस के अवसर पर विद्यालय में आयोजित निबंध, वाद विवाद, एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किये गये। उक्त कार्यक्रम में बृजेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी, सुनील श्रीवास्तव, प्राचार्य शास. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यांलय, सहित गणमान्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नगर परिषद कारी में हुआ आरआरआर केन्द्र का संचालन

## नेकी की दीवार थैला बैंक, पुस्तक, बर्तन एवं खिलौना बैंक, जूता बैंक का हुआ शुभारंभ

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। नगर परिषद कारी की अध्यक्ष श्रीमती जानकी राज कुमार विश्वकर्मा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामस्वरूप पटेरिया आरआरआर (रिड्यूज, रियूज,रिसाइकिल) सिद्धांत में रीयूज के अंतर्गत नेकी की दीवार थैला बैंक, पुस्तक बैंक, बर्तन एवं खिलौना बैक, जूता बैंक कार्यक्रम का आयोजन वार्ड क्रमांक 13 में किया। पूर्व सीएमओ एवं कचरा प्रबंधन के विशेषज्ञ डीडी तिवारी ने नेकी की दीवार बर्तन एवं खिलौना बैंक, थैला बैंक, जूता बैंक, पुस्तक बैंक की उपयोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रहवासी संघ, स्वसहायता समूहों, स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से संचालित करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि उपरोक्त बैंकों के माध्यम से सभी घरो में अतिरिक्त रखी हुई सामग्री का उचित उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नेकी की दीवार के अंतर्गत जिनके पास अतिरिक्त कपड़े, पुस्तकें, खिलोने, जूते चप्पल, थैले या अन्य सामग्री रखी है, वे इसे यहाँ जमा करा सकते है और जिन्हें इनकी जरुरत है, वे यहाँ से ले जा सकते हैं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी श्रीमती मोनिका खरे स्वच्छता ब्राड एम्बेस्डर जन्मेजय तिवारी ने जरुरतमंदों को कपड़े, खिलौने, जूते, पुस्तक सामग्री का वितरण किया। उपरोक्त बैंकों के संचालन का दायित्व संभालने की जिम्मेदारी ली तथा नगरवासियों से अपील की कि नेकी की दीवार एवं उपरोक्त बैंकों को संचालित करने के लिए पुरानी सामग्री शहर के वार्ड क्रमांक 13 में संचालित नेकी की दीवार बैंक में जमा करायें, ताकि जरुरत मंद इस योजना का लाभ ले सकें। इस अवसर पर थैला वितरण के पश्चात् यह भी समझाइश दी गई कि बाजार जाते समय कपड़े के थैले का उपयोग करें तथा 120 माईक्रोन से कम की पॉलीथीन का उपयोग न करें। इस दौरान मनोज दीक्षित, नसीर अली, कमल विश्वकर्मा, सुखदेव घोष, भगवानदास चौहान, रामसेवक रैकवार ने सामग्री थैले आदि आरआरआर सेंटर में दान किये यहाँ से जरूरत मंदों को उपरोक्त सामग्री तथा पुस्तक बैंक से छात्रों को पुरानी पुस्तकें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह केन्द्र संचालित किया गया है।

# जिले भर में खाद्य की भारी किल्लत, किसान परेशान

## गुनौर मे किसानो ने किया चक्काजाम, पन्ना में एसडीएम-तहसीलदार की उपस्थिती मे खाद्य की गई वितरित



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिलें में जहां एक ओर किसानो की खेती का मुख्य समय है, तथा रवी फसल की बोवाई प्रारंभ हो गई है, चना, गेंहू, मशूर, मटर, आदि की बोवाई चालू हो गई है तथा किसान समय को देखते हुए जल्द ही बोवाई कराना चाहता है, वहीं दूसरी ओर जिले मे खाद्य उर्वरक का भारी संकट खड़ा हो गया है। किसानो को समय से खाद्य उर्वरक नहीं मिल रहा है। जिले के जिम्मेवार अधिकारीयों की लापरवाही के चलते यह स्थिती निर्मित हुई है। जबकी पूर्व से जिम्मेवार विभाग के अधिकारीयों को किसानो के लिए खाद्य उर्वरक की व्यवस्था करना चाहीए। लेकिन पूर्व से व्यवस्था न होने के चलते किसान भारी परेशान हो रहें है। पन्ना जिले में सोसाईटियों के माध्यम से जिले भर में किसानो को खाद्य उपलब्ध कराई जाती थी। लेकिन वर्तमान समय मे पर्याप्त मात्रा मे खाद्य ही उपलब्ध नहीं है। अभी सिर्फ पन्ना जिला मुख्यालय, देवेन्द्र नगर, तथा गुनौर में खाद्य उर्वरक भेजी गई है। लेकिन पर्याप्त मात्रा मे न होने के कारण हजारो किसान पंहुच रहें है तथा सुबह से लेकर रात्रि तक लाईन मे लगें रहते है, उसके बावजूद खाद्य नही मिल पा रही है। गुनौर में किसानो ने उक्त समस्या को लेकर चक्काजाम कर दिया गया। किसी तरह पुलिस तथा प्रशासन द्वारा चक्काजाम खुलवाकर किसानो को आस्वासन दिया है कि जल्द ही खाद्य उपलब्ध हो जायेगी। इसी प्रकार पन्ना जिला मुख्यालय में भी स्थिती बनीं हुई है। हजारो किसान खाद्य लेने पंहुच रहे है लेकिन पर्याप्त मात्रा मे न होने के कारण सभी किसानो को खाद्य नहीं मिल पा रही है। भारी भीड़ को देखते हुए एसडीएम तथा तहसीलदार की उपस्थिती में किसानो को टोकन वितरित किये गये। लेकिन हजारो किसानो के स्थान पर दो सौ ढाई सौ किसानो को ही टोकन मिल पा रहें है तथा तीन बोरी से पांच बोरी खाद्य दी जा रही है। बड़े किसानो को अधिक मात्रा मे खाद्य की जरूरत है जो नहीं मिल पा रही है। उधर पवई, शाहनगर, अमानगंज, सिमरिया, रैपुरा, सलेहा, मोहन्द्र में भी खाद्य की आवक न होने के कारण किसानो की बोवाई नहीं हो पा रही है। जिससे किसान भारी परेशान है।

***इनका कहना है***

किसानो को पर्याप्त मात्रा में खाद्य उपलब्ध नहीं हो पा रहीं है जिले के किसान भारी परेशान है, जिम्मेवार विभागो की लापरवाहीं देखी जा रही है, यदि समय से जल्द ही किसानां को खाद्य उर्वरक नहीं मिलेगी तो अनेक किसान खेती की बोवाई से बंचित हो जायेगें, सरकार तथा जिला प्रशासन की यह लापरवाहीं है, यदि किसानो को पर्याप्त मात्रा मे जल्द ही खाद्य उपलब्ध नहीं होगी तो किसानो के लिए आन्दोलन कांग्रेस पार्टी द्वारा किया जायेगा।

***शशिकांत दीक्षित पूर्व अध्यक्ष किसान कांग्रेस तथा उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी पन्ना***

# सकरिया हवाई पट्टी का शुभारंभ आज

## मंत्री, सांसद तथा विधायक होगें शामिल

**दयाशंकर दीक्षित**



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के स्थानीय सकरिया में हवाई पट्टी का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसमें मंत्री राकेश शुक्ला, मंत्री धर्मेन्द्र लोधी, सांसद वीडी शर्मा तथा विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह शामिल होगें। उक्त संबंध में प्रोजेक्ट डायरेक्टर कमलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11 बजें 17 अक्टूबर को शरद पुर्णिमा के अवसर पर किया जा रहा है। जिसमें सभी नागरिक पत्रकारो, को आमंत्रित किया गया है।

# कल्दा वन परिक्षेत्र मे मजदूरो के स्थान पर मशीनो से हो रहा काम मजदूर परेशान

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के दक्षिण वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत कल्दा रेंज के गुर्जी बीट एवं कल्दा बीट में इस समय वन पर क्षेत्राधिकारी द्वारा बीट प्रभारी के माध्यम से नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कार्य कराया जा रहा है। जिसमें अवैधानिक रूप से मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय ग्राम वासियों ने बताया कि सरकार के सख्त निर्देश है कि जो भी काम बन परिक्षेत्र में कराया जाए उसमें स्थानीय आदिवासी समुदाय के गरीब मजदूरों के द्वारा ही कराया जाए। मगर वनपरि क्षेत्र कल्दा के रेंजर एवं बीट गार्ड की मिली भगत से वहां पर जेसीबी मशीन से रात्रि में टेंच खोदाई का कार्य कराया जा रहा है तथा मजदूर परेशान है, क्योकि आदिवासी बहुल्य क्षेत्र मे वन विभाग से संबंधित कार्यो में स्थानीय मजदूरों को ही रोजगार देने का नियम है, मध्य प्रदेश शासन वन विभाग द्वारा जारी किया गया है। लेकिन वन परिक्षेत्राधिकारी भदोरिया द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराया जा रहा है। श्री भदोरिया वर्तमान समय मे कल्दा तथा सलेहा वन परिक्षेत्राधिकारी के पद पर पदस्थ है। स्थानीय मजदूरो नें जिला कलेक्टर, दक्षिण वनमंडल के नवागत वनमंडलाधिकारी अनुपम शर्मा से कार्यवाही करने तथा जेसीबी मशीनो से कार्य न कराकर मजदूरो को मजदूरी से कार्य कराने की मांग की गई है।

# समर्थन संस्था द्वारा स्वच्छता को लेकर लोगो को किया गया जागरूक

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/हाथ धुलाई स्वच्छता अभीयान कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम समर्थन संस्था के सहयोग से विभिन्न ग्रामो में आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के ग्यारह विद्यालय के छात्र छात्राए शामिल रहें। उक्त विद्यालयों मे बिरवाही, सुन्दरा जरधोवा, इटवा तिल्हा, दिया, उमरी, कोठी टोला, मनौर, गुखौर, फुलवारी, पलथरा आदि। इस दौरान उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने तथा समर्थन संस्था के सहयोगी एवं अन्य विभागो को कर्मचारीयों छात्र छात्राओ को हाथ धोलाई के संबां मे विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान इटवा तिल्हा से स्कूल टीचर श्रीमति अंजना श्रीवास्तव, श्रीकांत नामदेव, श्रीमति अर्चना गौतम, कृष्ण कुमार गौतम, एम डी एम की महिलाएं, उमरी से चरणदास नामदेव, सुन्दरा से श्रीमती बबली बागरी, श्रीमती शोभा, नरेंद्र शर्मा, श्रीमती रश्मि रैकवार, फुलवारी से श्रीमति कांति बागरी, श्रीमति सुविधा बागरी, फूलचंद्र चौधरी, जरधोवा से प्रमोद तिवारी, बिरवाही से उत्तम सिंह परमार आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 438 बच्चे तथा 43 स्कूल टीचरर्स शामिल रहें। कार्यक्रम जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ आशीष विश्वास, क्षेत्रीय समन्वयक ज्ञानेंद्र तिवारी के जिला समन्वयक आरती विश्वकर्मा कोच मानसी, विक्रम, अंजना, ज्योति एवं समर्थन की टीम जल मित्र आदि शामिल रहें।



# जिला मुख्यालय के सीएम राइस विद्यालय की व्यवस्थाए बदतर

### -शैक्षणिक तथा आवा गवन की व्यवस्थाओं से छात्र परेशान
### -दो वर्ष से नहीं लग पा रहा वाहन

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिला मुख्यालय में संचालित सीएम राईस विद्यालय की व्यवस्थाए बदतर बनीं हुई है। जहां एक ओर विद्यालय में विषय बार शिक्षक नहीं है वहीं दूसरी ओर इंगलिश तथा हिन्दी माध्यम की कक्षाओं के लिए अलग अलग शिक्षकों का भारी आभाव है, जिसके कारण छात्र छात्राओं की शैक्षिणक व्यवस्था चरमराई हुई है, प्रदेश सरकार द्वारा सीएम राईस विद्यालय प्रारंभ करने के दौरान प्रदेश के अभिभावको तथा छात्र छात्राओं को बड़े बड़े सपने दिखाये थे तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री नें कहा था कि हमारे सरकारी सीएम राईस विद्यालयां में बड़ें कान्वेंट स्कूलो से भी अच्छी पढाई होगी तथा बेहतर सुविधाए छात्रो के लिए उपलब होगी। लेकिन सरकार के उक्त बादे खोखले साबित हो रहें है तथा छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकार में है क्योकि लगभग दो वर्ष बीत जाने के बावजूद शिक्षको तथा विद्यालय के लिए अन्य स्टाप के लिए कोई भर्ती नहीं की गई। जिले के ही अन्य विद्यालयें के शिक्षको को प्रतिनिक्ती पर नियुक्त कर दिया गया। जिनके द्वारा शिक्षा अध्यापन कराने मे कोई रूचि नहीं ली जा रही है। क्योकि उन्होने पूर्व में भी शैक्षणिक कार्य बेहतर ढंग से नहीं कराया, लेकिन वास्तव मे छात्र छात्राओं को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराना चाहती है तो प्रदेश के सभी सीएम राईस विद्यालयों में अलग से शिक्षकों की भर्ती की जायें तथा सभी सुविधाए उपलब्ध कराई जायें। वाहन व्यवस्था भी नहीं की गई है, जबकी पूर्व में बस चलाने की घोषणा की गई थी। लेकिन दो साल बीत जाने के बावजूद आज तक स्कूली बसो का अनुबंध नहीं हुआ है। बेचारे छात्र आटो, या अन्य साधनो से असुरक्षित रूप से विद्यालय पंहुच रहें है। जिससे कभी भी दुर्घअना घटित होने की आंशका बनी हुई है। स्थानीय अभीभावको ने प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन से सीएम राईस विद्यालयों मे पर्याप्त शिक्षक तथा वाहन व्यवस्था बेहतर बनाने की मांग की है।




# अंतर्राज्यीय महा दंगल में पहले दिन दिल्ली के भीम पहलवान ने शैतान पहलवान को हराया

## आज होंगे कई महिला एवं पुरुष पहलवानों के मुकाबले

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर दो दिवसीय अंतर्राज्यीय महा दंगल के पहले दिन 16 अक्टूबर को पन्ना जिले के लगभग आधा सैकड़ा पहलवानों के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान एवं जम्मू कश्मीर के पहलवानों के बीच मुकाबले हुए, पन्ना के क इ पहलवानों ने बाजी मारी सबसे बड़ी कुश्ती आर्मी के चंदन पाण्डेय उर्फ भीम पहलवान दिल्ली और शैतान पहलवान राजस्थान के बीच हुई जिसमें भीम पहलवान ने शैतान पहलवान को 5 मिनट के मुकाबले में परास्त कर विजय हासिल की, दूसरे मुकाबले में जम्मू कश्मीर के रिजवान गनी ने रॉकी पहलवान दिल्ली को पराजित किया, इस प्रकार कुश्ती के कई मुकाबले हुए आखिरी कुश्ती रायबरेली की महिला पहलवान नीलम और चित्रकूट के पुरुष पहलवान कुंज बिहारी के बीच हुई जिसमें दोनों बराबरी पर रहे। कार्यक्रम के संयोजक संजय सिंह राजपूत ने बताया कि आज 17 अक्टूबर को दिल्ली, हरियाणा, पंजाब के कई महिला एवं पुरुष पहलवानों के मुकाबले होंगे। हजारों दर्शक रहे उपस्थित कार्यक्रम में संतोष सिंह यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष, ध्रुव सिंह लोधी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, करण सिंह राजपूत पूर्व डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, राम शिरोमणि लोधी पूर्व सैनिक एवं सरपंच दिया, नत्थू सिंह यादव जिला अध्यक्ष यादव महासभा, रुद्र प्रताप सिंह यादव जिला संघ चालक आरएसएस, उदय राज सिंह बघेल जिला कार्यवाह, देवेंद्र सिंह राजपूत सह जिला कार्यवाह, सूर्यभान सिंह परमार इतिहासकार एवं पूर्व थाना प्रभारी, रामकिशोर अहिरवार जिला अध्यक्ष बीबीएसएस, विमला अहिरवार बुंदेली गायिका, लक्ष्मी यादव, महेंद्र यादव विद्यार्थी सहित लगभग सैकड़ा भर आमंत्रित अतिथि एवं हजारों की संख्या में दर्शन उपस्थित रहकर पहलवानों का हौसला बढ़ाते रहे।



# किसानों की धान का सही मूल्य दे सरकार - नीरज बड़ागाँव

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपने वचन पत्र में यह वादा किया था कि प्रदेश में सरकार बनने के बाद किसानों की धान 3100 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी जायेगी। सरकार बनने के बाद यह वादा खोखला साबित हो रहा है और वर्तमान समय में किसानों से उनकी धान का मूल्य 2 हजार 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से क्रय की जाने की बात की जा रही है। पुन: सरकार अपने वादे से मुकर रही है। इस संबंध में नीरज बड़ागांव जिला महासचिव युवक कांग्रेस ने मध्य प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है और अपने ही वचन पत्र से पीछे हट रही है। उन्होंने भाजपा सरकार से कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिया जाये और अपने वचन पत्र में किसानों से किए गए वादे को पूरा किया जाये। यदि सरकार इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं करती है तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ खड़ी होकर उनकी मांगों को लेकर वृहद स्तर पर आंदोलन करेगी।

# नर्मदा महोत्सव जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति के संवाहक - पर्यटन राज्य मंत्री श्री लोधी

**-संस्कारित रूप से आगे बढ़ायेंगे नर्मदा महोत्सव - लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह**

**-नर्मदा महोत्सव की शानदार शुरुआत प्रख्यात पार्श्व गायिका मालिनी अवस्थी का गायन रहा प्रमुख आकर्षण**



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 16 अक्टूबर। संगमरमरी चट्टानों के बीच माँ नर्मदा की अथाह जलराशि को समेटे भेड़ाघाट में दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव का शानदार शुभारंभ हुआ। सुर-ताल और रास-रंग से सजी नर्मदा महोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण प्रख्यात पार्श्व गायिका श्रीमती मालिनी अवस्थी का कर्णप्रिय गायन रहा। धुआंधार जलप्रपात की वजह से विश्व के पर्यटन मानचित्र पर खास पहचान बना चुके भेड़ाघाट में शरद पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा महोत्सव के आयोजन का यह लगातार इक्कीसवाँ वर्ष है। महोत्सव का शुभारंभ परम्परा के मुताबिक जीवनदायनी माँ नर्मदा के पूजन से हुआ।

श्वेत धवल संगमरमरी चट्टानों के बीच माँ नर्मदा की अथाह जलराशि को समेटे भेड़ाघाट में दो दिवसीय नर्मदा महोत्सव का आज शानदार शुभारंभ हुआ। सुर-ताल और रास-रंग से सजी नर्मदा महोत्सव के पहले दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण प्रख्यात पार्श्व गायिका श्रीमती मालिनी अवस्थी का सुमधुर गायन रहा। धुआंधार जलप्रपात की वजह से विश्व के पर्यटन मानचित्र पर अपनी खास पहचान बना चुके भेड़ाघाट में शरद पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा महोत्सव के आयोजन का यह लगातार 21 वां वर्ष है। महोत्सव का शुभारंभ परम्परा के मुताबिक जीवन दायिनी माँ नर्मदा की पूजा अर्चना से हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी थे। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, विधायक श्री नीरज सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री सुभाष तिवारी रानू, भेड़ाघाट नगर परिषद के अध्यक्ष श्री चतुर सिंह, भेड़ाघाट नगर परिषद के उपाध्यक्ष श्री जगदीश दहिया एवं कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विधायक श्री संतोष वरकड़े एवं संभागायुक्त श्री अभय वर्मा भी इस अवसर पर मौजूद थे।

पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र लोधी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नर्मदा महोत्सव जैसे गरिमापूर्ण कार्यक्रमों की निरंतरता को बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासों की आवश्यकता होती है। उन्होंने लगातार 21 वर्षों से नर्मदा महोत्सव के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसके लिये इसके सूत्रधार लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह की सराहना की। पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री श्री लोधी ने भेड़ाघाट में पर्यटन की असीम संभावनाएं बताते हुये कहा कि यह क्षेत्र मां नर्मदा के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने नर्मदा महोत्सव जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति को आगे ले जाने और उभारने का कार्य करते हैं, जो संपूर्ण विश्व के कल्याण के साथ उदारता, समरसता धर्म के साथ व्यापक लोक हित आदि मूल्यों को समाहित किए हुए है और जहां संकीर्णता का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि परमपिता परमेश्वर तक पहुंचने के रास्ते भले अलग अलग हो लेकिन ईश्वर एक ही है। इसके साथ ही मंत्री श्री लोधी ने भारतीय संस्कृति का चित्रण करने वाले अन्यान्य श्लोकों की अर्थपूर्ण व्याख्या भी की। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने इस अवसर पर सभी को शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि नर्मदा महोत्सव को और भी संस्कारित रूप से आगे बढ़ाना है। इसके लिए उन्होंने क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह से कहा कि कार्यक्रम को भव्य और गरिमापूर्ण बनाने के सभी प्रयत्न करें।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि नर्मदा महोत्सव में भजन, क्लासिकल गीत ही हों फिल्मी गीत न हों ताकि मां नर्मदा की गरिमा बनी रहे। क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि नर्मदा महोत्सव का एक अद्भुत व अविस्मरणीय कार्यक्रम भेड़ाघाट में हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा को बनाए रखने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। नर्मदा महोत्सव से निश्चित ही भारतीय संस्कृति समुन्नत होगी। उन्होंने इसके लिए पुरातत्व व संस्कृति विभाग की टीम के साथ जिला प्रशासन की टीम को भी धन्यवाद दिया।

नर्मदा महोत्सव के पहले दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत में सांस्कृतिक संस्कारधानी की प्रसिद्ध लोक कलाकार सुश्री नेहा विश्वकर्मा एवं उनके समूह ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, जिसे देखकर महोत्सव में आये दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अगली कड़ी में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के कलाकारों ने मनमोहक लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद मुम्बई से आये भजन गायक श्री रवि त्रिपाठी की भजनों की संगीतमय प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन मोह लिया। श्री त्रिपाठी ने अपनी सुमधुर आवाज में भजनों की शुरूआत ''मेरी माँ के बराबर कोई नहीं'' गाकर की। नर्मदा महोत्सव की पहले दिन के सांस्कृति कार्यक्रमों की अंतिम प्रस्तुति पार्श्व गायिका लखनऊ की श्रीमती मालिनी अवस्थी का गायन था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जहां मुंबई के प्रसिद्ध भजन गायक रवि त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत भजन नर्मदा की अविरल जलधारा की भांति दर्शकों के हृदय में शांति का संचार कर रहे थे। तो वहीं प्रख्यात गायिका श्रीमती मालिनी अवस्थी अपने मधुर गायन द्वारा श्वेत संगमरमरी चट्टानों से प्रतिबिम्बित हो रही चांदनी की शीतलता को श्रोताओं की हृदय पर उकेर रहीं थीं। शांति और शीतलता के इस संयोग ने श्रोताओं को आनंद विभोर कर दिया। महोत्सव में पधारे श्रोता प्रसन्नता से झूम उठे और भेड़ाघाट का विश्वप्रसिद्ध नर्मदा तट श्रोताओं की तालियों की थाप से गुंजायमान हो गया।

## विधुत अधिनियम की धारा 135 के तहत कार्यवाही करते हुए 16 प्रकरण पर 02 लाख 50 हजार का जुर्माना अधिरोपित

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 16 अक्टूबर। जिले में कम खपत वाले विद्युत उपभोक्ताओं के विरूद्ध टीम दल गठित की गई ओर विशेष अभियान चलाकर चैंकिंग की कार्यवाही की गई। अधीक्षण अभियंता म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. सुभाष नागेश्वर ने बताया 06 वितरण केन्द्रों के प्रभारियों की विशेष टीम बनाकर दमोह शहर के 597 कम खपत वाले विद्युत उपभोक्ताओं के बिलों की जांच कर उनके घरों को चिन्हित किया गया। जांच के दायरे में मुख्य रूप से उन उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया, जिनकी विद्युत खपत लोड के अनुसार कम आ रही है या वे अटल गृह ज्योति योजना का लाभ उठाने के लिए मीटर में किसी प्रकार से छेड़छाड व अन्य प्रयोग कर रहे है। उन्होंने बताया ऐसे 326 विद्युत उपभोक्ताओं के घरों का निरीक्षण टीम दल द्वारा किया गया। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान जहां भी मीटर/सर्विस लाइन में अनियमित्ता पाए जाने पर मौके पर ही विधुत अधिनियम की धारा 135 के तहत कार्यवाही करते हुए 16 प्रकरण बनाए गए एवं 02 लाख 50 हजार का जुर्माना लगाया गया। साथ ही बकाया राशि के 24 नग कनेक्शन को मौके से विच्छेदित किया गया। अधीक्षण अभियंता सुभाष नागेश्वर ने बताया इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान सहायक अभियंता आर.के.दुबे, कनिष्ठ अभियंता फरीद अंसारी, रविशंकर तिवारी, प्रदीप परिहार, शिवदयाल अहिरवार, लाइनमेन, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय जैन पत्रकार संघ दमोह के जिलाध्यक्ष बने राहुल कुमार जैन

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी व पत्रकार राहुल कुमार जैन को अखिल भारतीय जैन पत्रकार संघ मध्यप्रदेश द्वारा दमोह जिले का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।



अखिल भारतीय जैन पत्रकार संघ के मुख्य संरक्षक हिम्मत मेहता, मुख्य सलाहकार जवाहर डोसी, संस्थापक अध्यक्ष संजय लोढ़ा की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष संदीप डाकोलिया, के द्वारा राहुल कुमार जैन को जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। यह जानकारी संघ के प्रदेश महासचिव शिरीष सकलेचा ने लिखित पत्र के माध्यम से प्रदान की। जैन के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सहित दमोह जिले एवं तहसील संघ के पत्रकार,जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ साथ साथी मीडिया के मित्रों मुकेश जैन, राहुल जैन, पीयूष जैन, संवेद जैन, सुबोध जैन, अभिषेक जैन, मयंक जैन, महेंद्र जैन, राघवेंद्र परिहार,सृजन असटी, बँटी शर्मा, आदि सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

इस अवसर पर जैन ने कहा अखिल भारतीय जैन पत्रकार संघ के शीर्ष नेतृत्व को मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि संघ के द्वारा दिए गए इस दायित्व का में पूर्ण कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करुंगा एवं साथी पत्रकार जनो के साथ मिलकर संघ को नई ऊंचाइयां प्रदान करने का कार्य करूंगा एवं आप सभी के द्वारा प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदान की गई शुभकामनाओं का में हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

## शरद पूर्णिमा पर्व के अवसर पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा खोवा विक्रय दुकानों,मिठाई दुकानों एवं फेरी वाले / हॉकर्स खोवा विक्रेताओं का किया गया औचक निरीक्षण

### मैजिक बॉक्स की सहायता से लगभग 5 क्विंटल खोवा एवं मावा लड्डू के नमूनों की हुई ऑन द स्पॉट जांच



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 16 अक्टूबर। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल एवं खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा निरीक्षण कार्यवाही करते हुए दमोह शहर में खोवा विक्रय दुकानों, मिठाई दुकानों एवं फेरी वाले/हॉकर्स खोवा विक्रेताओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की कार्यवाही पलंदी चौराहा, राय चौराहा, स्टेशन चौराहा, बस स्टैंड, घंटाघर, उमा मिस्त्री की तलैया एवं एवरेस्ट लॉज के पास के क्षेत्र में हुई है। घंटाघर, उमा मिस्त्री की तलैया एवं एवरेस्ट लॉज के पास हुई निरीक्षण कार्यवाही में फेरी वाले खोवा विक्रेताओं में शिवराम प्रजापति, जयंती सोनकर, गणेश असाटी, मनोज सोनकर, परसू सोनकर, राहुल सोनकर, हीराबाई खटीक, दिनेश खटीक, रामलाल यादव, मधु खटीक, शिवानी खटीक, अजय सोनकर, आशा मुड़ा, अमित गुप्ता, सुशीला खटीक, राधारानी खटीक, कीर्ति खटीक, सुषमा खटीक, सावित्री खटीक, विनोद सोनकर, रजनी खटीक, उर्मिला पटेल सहित लगभग 33 फेरी वाले खोवा विक्रेता शामिल हैं। सभी फेरी वाले खोवा विक्रेताओं के यहां संग्रहित लगभग 5 क्विंटल खोवा एवं मावा लड्डूओं के नमूनों की मैजिक बॉक्स की सहायता से ऑन द स्पॉट गुणवत्ता जांच की गई। मिठाई दुकानों में उमा मिस्त्री की तलैया स्थित नेमा मिष्ठान भंडार, पलंदी चौराहा स्थित न्यू हनुमान गढ़ी स्वीट्स, स्टेशन चौराहा स्थित श्रद्धा स्वीट्स एवं श्री नारायण स्वीट्स, राय चौराहा स्थित जय सियाराम मिष्ठान भंडार, सियाराम मिष्ठान भंडार एवं जय सियाराम स्वीट्स, बस स्टैंड स्थित गुजरात स्वीट्स एंड बेकर्स का निरीक्षण किया गया। मैजिक बॉक्स की सहायता से खोवा, खोवा लड्डू एवं मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच की गई।

## 17 अक्टूबर तथा अक्टूबर माह के सभी शनिवार को विपणन संघ के डबल लॉक से किसानों को नगद खाद का वितरण किया जायेगा

दमोह ÷ 16 अक्टूबर। जिला विपणन अधिकारी दमोह इंद्रपाल सिंह राजपूत ने बताया सभी किसान भाईयों को रवि सीजन में सुलभता से खाद उपलब्ध हो सके इसके लिए 17 अक्टूबर तथा अक्टूबर माह के सभी शनिवार को विपणन संघ के डबल लॉक से किसानों को नगद खाद का वितरण किया जायेगा।

# परमात्मा व जीवात्मा का मधुर मिलन है महारास - कार्ष्णि गुरुशरणानंद महाराज



आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण कृपा धाम में इन दिनों शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय शरदोत्सव अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ चल रहा है।जिसके अंतर्गत विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।महोत्सव के दूसरे दिन ठाकुर श्रीकृष्ण कृपा बिहारी महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया।साथ ही उनको 56 भोग लगाए गए। इस अवसर पर आयोजित वृहद संत सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए महामंडलेश्वर कार्ष्णि स्वामी गुरुशरणानंद महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर श्रीधाम वृन्दावन के वंशीवट पर हुआ महारास धर्म व अध्यात्म जगत का एक प्रमुख आख्यान है। वस्तुतः परमात्मा व जीवात्मा का मधुर मिलन ही महारास है। क्योंकि यह गोपियों द्वारा अपने मोक्ष की कामना से किया गया था। जगदूरू शंकराचार्य भानुपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज न केवल धर्म व अध्यात्म जगत की अपितु समाजसेवा की भी एक बहुमूल्य निधि हैं। जिनके द्वारा समूचे विश्व में गीता जी के प्रचार के साथ-साथ समाजसेवा के भी विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा शीत ऋतु का उद्घोषक पर्व है।इस तिथि को चंद्रमा से झरने वाली अमृतमयी किरणें समूची प्रकृति को आलोकित करती हैं।इससे न केवल प्रकृति अपितु हम सभी का मन भी प्रफुल्लित व पुलकित हो जाता है। श्रीनाभा पीठाधीश्वर स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज एवं श्रीकृष्ण कृपा संजीवनी मासिक पत्रिका के संपादक डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर ॐगीता ज्ञान संस्थानम्ॐ की स्थापना करके एक ऐतिहासिक कार्य किया है जिसके माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता का प्रचार-प्रसार समूचे विश्व में हो रहा है।जिससे असंख्य व्यक्ति लाभान्वित होकर कृष्ण भक्ति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। संत सम्मेलन में प्रख्यात संत स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज, गौसेवी संत कृष्णानंद महाराज ॐभूरी वालेॐ, महामंडलेश्वर स्वामी चित्तप्रकाशानन्द महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानन्द महाराज, स्वामी गोविंदानंद तीर्थ, चतुः संप्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज, प्रख्यात भागवताचार्य श्रीराम मुद्गल महाराज, महंत ब्रजबिहारी दास, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, विपिन बापू, अशोक व्यास, बाबा भूपेंद्र सिंह (पटियाला), एडवोकेट महेन्द्र प्रताप सिंह, आचार्य बद्रीश महाराज, सौरभ गौड़, ध्रुव शर्मा, भजन गायक चंदन महाराज, बालशुक पुंडरीक कृष्ण महाराज, संगीतज्ञ स्वामी देवकीनंदन शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, अनूप देव (जबलपुर), प्रख्यात आयुर्वेदिकाचार्य आचार्य मनीष, भागवताचार्य मुकेश मोहन शास्त्री, वासुदेव शरण महाराज, शक्ति स्वरूप ब्रह्मचारी, गोविंद ब्रह्मचारी, भजन गायक रतन रसिक, डॉ. अशोक सम्राट, अशोक चावला, सुदर्शन अग्रवाल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन सुरेश गोयल ने किया।इससे पूर्व प्रातः काल महंतों, संतों, विद्वानों व श्रीहनुमद् आराधन मंडल के सदस्यों का सम्मान किया गया साथ ही संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा भी हुआ।रात्रि को प्रख्यात भजन गायक बाबा चित्र-विचित्र के द्वारा सरस भजन संध्या का आयोजन सम्पन्न हुआ।जिसमें उन्होंने श्रीराधाकृष्ण की महिमा से ओतप्रोत भजन गाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया।

# प्रदेश के 75 युवा कवि काव्य प्रोत्साहन सम्मान से हुए सम्मानित




राजा खरे

परिहार गर्जना न्यूज। ओरछा। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटक नगरी ओरछा में राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक जगदीश मित्तल के अमृत महोत्सव वर्ष की कार्यक्रम की श्रृंखला में नगर में स्थित बुंदेली रिसोर्ट में काव्य प्रोत्साहन संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के 75 युवा कवियों को काव्य प्रोत्साहन सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री सुमित ओरछा में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि भारत में कवियों को राष्ट्र धर्म संस्कृति से जोड़कर राष्ट्र जागरण करने वाली संस्था राष्ट्रीय कवि संगम की मध्य प्रदेश इकाई के द्वारा मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय कवि संगम के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल के अमृत महोत्सव वर्ष के कार्यक्रम की श्रृंखला में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 75 युवा कवियों की उपस्थिति में जगदीश मित्तल काव्य प्रोत्साहन सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एवं मां सरस्वती के पूजन से प्रारंभ हुआ तत्पश्चात प्रदेश के युवा कवियों के द्वारा अपनी अपनी काव्य रचनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम सिर्फ कविता के लिए ही नहीं अपितु सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय है और सभी युवा कवि अपनी कविताओं को अपने जीवन में अवश्य उतरे और राष्ट्र के उत्थान एवं राष्ट्र के नवनिर्माण हेतु कविताओं से राष्ट्र जागरण करते रहे क्योंकि राष्ट्र से ही हमारा अस्तित्व है। आयोजन में प्रदेश के 75 युवा कवियों को जगदीश मित्तल काव्य प्रोत्साहन सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

## अखिल भारत हिन्दू महासभा ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा आयुष्मान कार्ड योजना के पात्रता नियम मै संशोधन करने की मांग रखी

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा अखिल भारत हिन्दू महासभा के ब्रज प्रांत अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र के माध्यम से मांग कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत पात्रता नियम मै संशोधन कराया जाय पूर्व की सरकारों द्वारा हम दो हमारे दो का नारा बुलंद किया गया जिसे भारत वर्ष के सनातनी हिंदू धर्म अनुयायियों ने बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए सरकारी निवेदन समझ कर माना और हम दो हमारे दो के आदर्श पर चले।





अखिल भारत हिन्दू महासभा

आज भारत सरकार द्वारा जन कल्याण की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना के लाभों से वंचित रहना पड़ रहा है, ये उन तमाम लोगों के साथ अन्याय की दृष्टी मै आता है जो सरकारी आदेश को मानकर उसका पालन करने का काम करते है और उसी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से वंचित रह जाते है। अखिल भारत हिन्दू महासभा ऐसे करोड़ों हिन्दुओं सहित देश के नागरिकों की चिंता को देखते हुए आज पत्र द्वारा आपको अवगत करा रही है कि संविधान मै सभी को समान अधिकार दिए गए है तो इस तरह पात्रता नियम जारी कर ऐसे लोगों के अधिकार से उन्हें वंचित रखना न्यायोचित नहीं है। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार द्विवेदी सहित तमाम अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं की मांग को पत्र द्वारा रख कर इस महत्वपूर्ण योजना पर पुन: विचार करने की आवश्यकता है।

## प्रधान आरक्षक कौशल यादव का दुखद निधन,हजारों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। थाना कोतवाली निवाड़ी में प्रधान आरक्षक मोहर्रर के पद पर पदस्थ रहे तथा वर्तमान में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय में पदस्थ प्रधान आरक्षक कौशल यादव का आज दिनांक 16 अक्टूबर को प्रात लगभग 4 बजे हृदय गति रुक जाने के चलते दुखद निधन होने पर पुलिस प्रशासन के साथ-साथ संपूर्ण नगर में शोक की लहर रही तथा कौशल यादव की अंतिम यात्रा में हजारों लोगों ने शामिल होकर नम आंखों से अंतिम विदाई दी। गौरतलब है कि कौशल यादव एक बेहद मिलनसार और सरल स्वभाव के प्रधान आरक्षक माने जाते थे जिनके द्वारा आम जन की मदद के साथ-साथ परिवारी जनों की भी मदद की जाती थी और अपने इसी सरल स्वभाव के चलते कौशल यादव पुलिस प्रशासन के साथ-साथ नगर में भी लोकप्रिय थे। कौशल यादव का रात्रि में



हृदय गति रुकने के कारण दुखद निधन हुआ जिसके उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम करा कर नगर के मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया जहां हजारों लोगों ने उपस्थित रहकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# जनसुनवाई में आवेदन देकर मांगी आत्मदाह की अनुमति

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। बीते रोज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई जनसुनवाई में निवाड़ी नगर वार्ड नंबर 6 के निवासी मनोज झा के द्वारा कलेक्टर को आवेदन देकर आत्मदाह करने की अनुमति मांगी गई। नगर निवाड़ी के वार्ड नंबर 6 निवासी मनोज झा द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया कि हमारा परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है तथा हमारे स्वामित्व की भूमि निवाड़ी में स्थित है । हमारे माता-पिता मजदूरी करने के लिए बाहर गए हुए थे उस समय में भी नावालिग अवस्था में माता-पिता के साथ में बाहर रहता था इस दौरान नगर के दबंग व्यक्तियों के द्वारा हमारे स्वामित्व की भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कर लिया गया है और जब इसकी जानकारी हमारे पिताजी को हुई तो उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों से निवेदन किया गया किंतु न्यान न मिल पाने के कारण मेरे पिता के द्वारा आत्महत्या कर ली गई थी तत्पश्चात हमारे द्वारा भी हमारे स्वामित्व की भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए निरंतर आवेदन दिए जा रहे हैं किंतु आज तक हमारे स्वामित्व की भूमि से अवैध कब्जे को नहीं हटाया गया है जिसके लिए हम कई बार आवेदन दे चुके हैं और न्याय न मिलने की स्थिति में अब हमें आत्मदाह करने की अनुमति दी जाए।

# पत्नी एवं मासूम बच्ची का हत्यारा पति गिरफ्तार

## हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जप्त, चरित्र संदेह पर की थी हत्या






छतरपुर। 24 जून 24 को थाना राजनगर के ग्राम नहदौरा में एक बंद घर के अंदर से खून निकलने संबंधी सूचना पर राजनगर पुलिस तत्काल रवाना होकर घटना स्थल पहुँची। एक महिला पंलग पर रक्त रंजित अवस्था में लेटी थी, धारदार हथियार से हत्या की गई थी। महिला की पहचान रजवा अहिरवार पति खेमचन्द्र पटेल उम्र 40 साल निवासी नहदौरा के रूप में की गई थी। पुलिस ने हत्या का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा उक्त अंधे हत्याकांड के खुलासे एवं आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रूपये का ईनाम उद्घोषित किया गया था। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी, क्षेत्र में मूवमेंट करने वाले संदिग्ध की भी जानकारी एकत्र की गई। एकत्रित साक्ष्य व सूचना के अनुसार मृतिका रजवा अहिरवार की हत्या उसके पति खेमचन्द्र पटेल के द्वारा करना पाया गया। जो घटना करके फरार हो गया था। खेमचन्द्र पटेल के द्वारा वर्ष 1998 में अपनी पहली पत्नी और अपनी तीन वर्षीय बच्ची की हत्या कर दी थी, आरोपी खेमचन्द्र के विरुद्ध थाना राजनगर पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस टीम द्वारा पत्नी की हत्या के आरोपी खेमचंद पटेल की हर संभावित स्थानों में तलाश की जा रही थी, आरोपी के सिंगरो के जंगल में होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ने संबंधित स्थान पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा। आरोपी के पास से प्रयुक्त कुल्हाडी और घटना के समय पहने कपडे जब्त किये गये। आरोपी के द्वारा बताया गया कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था जिस कारण हत्या की थी। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद कुजूर, थाना प्रभारी राजनगर उपनिरी0 सिद्धार्थ शर्मा, उपनिरी केएल दाहिया, उनि.मनभरण सिंह, सउनि रामरतन गोस्वामी, प्रआर सूर्यप्रकाश बाजपेयी, हेमराज यादव, आर संजय सिंह, शिवकुमार पाल, अंकित द्विवेदी, शत्रुघन कुशवाहा, प्रभात द्विवेदी, आर. संतोष सिंह, धीरेन्द्र पटेल चालक नारायन सिहं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# न्यायालय के आदेश पर नाली निर्माण का काम शुरू

## नपा ने अतिक्रमण में निकाली शिकायतकर्ता की दुकान

छतरपुर। बीते दिनों नाली निर्माण के मामले में कोर्ट ने नगर पालिका सीएमओ के खिलाफ कुर्की के आदेश किए थे। नगर पालिका हरकत में आयी और नाली निर्माण के लिए खुदाई कराने लगी तभी नाली निर्माण कराए जाने में हीलाहवाली की शिकायत करने वाले काशीराम साहू की दुकान ही प्रशासन ने अतिक्रमण की जद में कर दी है। काशीराम साहू इसे द्वेषभावना से प्रेरित कार्यवाही बता रहे हैं।




बुधवार दोपहर के बाद एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार संदीप तिवारी तथा नगर पालिका का अमला छत्रसाल चौराहे पहुंचा जहां नाली निर्माण के लिए खुदाई शुरू कराई। इसी दौरान नापतौल में नगर पालिका ने शिकायतकर्ता काशीराम साहू की दुकान के भीतर तक चिन्हांकन कर दिया। प्रशासन का कहना है कि यहां मौजूद अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमणकर्ताओं को विधिवत नोटिस दिया जाएगा इसके बाद ही कार्यवाही होगी। उधर काशीराम साहू ने बताया कि पिछले काफी समय से वे नाली निर्माण के लिए नगर पालिका में आवेदन देते चले आ रहे थे जब नगर पालिका ने नहीं सुनी तो न्यायालय की शरण ली, न्यायालय ने सीएमओ के दफ्तर की कुर्की के आदेश किए थे। यह कार्यवाही उसी आदेश के खिलाफ बदले की भावना से प्रेरित दिखाई दे रही है। श्री साहू का कहना है कि पहले जहां से नाली की खुदाई की जा रही थी प्रशासन ने द्वेषभावना से उसमें मिट्टी भरकर नए सिरे से खुदाई कर रहे हैं उनकी दुकान को अतिक्रमण में आता बता रहे हैं जबकि उन्होंने रास्ते से 25 फिट छोड़कर निर्माण कार्य कराया है। इस निर्माण कार्य की विधिवत अनुमति ली गई है। टाउन एण्ड कंट्री एवं नजूल से भी अनुमति प्राप्त करने के बाद निर्माण कार्य कराया गया है।

***इनका कहना-***

नगर पालिका द्वारा नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। नगर पालिका का सहयोग करने के लिए राजस्व विभाग यहां आया है। कहां अतिक्रमण है कहां नहीं है इसका चिन्हांकन नगर पालिका को करना है, अतिक्रमण हटाने के पहले विधिवत कानूनी कार्यवाही की जाएगी। ***अखिल राठौर, एसडीएम, छतरपुर***

## मिलावट खोरी रोकने के लिये एसडीएम ने खोवा दुकानों के सैंपल लेकर जांच हेतु भिजवाये

नौगांव। दीपावली भले ही अभी दो हफ्ते दूर हो, लेकिन बाजारों में इसकी रौनक और तैयारी ने जोर पकड़ लिया है। त्योहार के मद्देनजर एसडीएम निशा माधवानी, तहसीलदार रंजन यादव, फूड इंस्पेक्टर वंदना जैन और नगर पालिका के अन्य अधिकारियों ने बस स्टैंड के खोवा विक्रेताओं की दुकानों पर छापा मारा और सैंपल भरवाए। शाम 4:30 बजे आशीष खोवा भंडार समेत चार दुकानों से सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया। त्योहारों के दौरान खाद्य सामग्रियों में मिलावट की आशंका को देखते हुए, प्रशासन ने यह कदम उठाया है। दीपावली के अवसर पर मिठाइयां बड़े पैमाने पर बनाई जाती हैं, जिनकी तैयारियां 15-20 दिन पहले से शुरू हो जाती हैं।

***त्योहारों पर होती है सैंपलिंग***

खाद्य विभाग हर साल रक्षाबंधन, दीपावली और होली के दौरान खाद्य सामग्रियों की सैंपलिंग करता है। हालांकि, अब तक जितने भी सैंपल लिए गए हैं, उनके परिणामों से जनता को अवगत नहीं कराया गया है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई की जाती है या यह केवल एक औपचारिकता है?

***क्या होगी कार्रवाई***

इस बार लिए गए सैंपल्स के नतीजे और आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें हैं। त्योहारों के दौरान मिलावट पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है, लेकिन अब देखना होगा कि इन सैंपल्स की जांच के बाद क्या कदम उठाए जाते हैं।

# गुंडा लिस्टेड बृजेश तिवारी विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई प्रस्तावित

छतरपुर। पुलिस द्वारा आदतन अपराधियों गुंडा लिस्टेड बदमाशों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। थाना बमीठा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सदना का गुंडा लिस्टेड बृजेश तिवारी पिता कौशल तिवारी एक आदतन अपराधी है। वर्ष 2009, 15 साल पूर्व से अपराधों में लिप्त है। जिला छतरपुर के थाना बमीठा में चोरी अवैध वसूली बलवा तथा 2 हत्या के प्रयास सहित 6 अपराधों में लिप्त है।

थाना खजुराहो में हत्या का प्रयास, अवैध हथियार सहित 3 अपराधों में लिप्त है। थाना चंदला में वर्ष 2011 के हत्या, हत्या के प्रयास के 2 अपराध, लूट सहित 5 अपराधों में लिप्त है। थाना सिविल लाइन में चोरी लूट जैसे 8 अपराध दर्ज हैं। इसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी निरंतर की जाती रही है। छतरपुर के अलावा पन्ना जिले के मडला थाने में हत्या के प्रयास, डकैती के अपराध में लिप्त है। ऐसा आदतन अपराधी शांति,सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था में दुष्प्रभावी है। थाना बमीठा पुलिस द्वारा विधिवत कार्यवाही कर गुंडा लिस्टेड बदमाश को जिले की भौगोलिक सीमा से निष्कासित करने हेतु जिला बदर प्रतिवेदन कार्यालय जिला दंडाधिकारी छतरपुर प्रस्तुत किया जा रहा है।

# भैंस चोरी कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। थाना बाजना क्षेत्र के मुटियाहार ग्राम मलार से पांच नग भैंस चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना बाजना में भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पूर्व में पांच आरोपी चंद्रभान यादव निवासी ग्राम अलगाना थाना पिपट ( अवैध हथियार देसी कट्टा सहित), लोकेंद्र सिंह बुंदेला ग्राम अनगौर, राघवेंद्र यादव बजरंगगढ़ बुदौर थाना मातगुंवा, रूपेंद्र यादव बजरंगगढ़ बुदौर थाना मातगुंवा, दीपक यादव अलगाना थाना पिपट को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों के पास से चोरी की घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एवं एक अवैध देसी 315 बोर का कट्टा जिंदा कारतूस जप्त कर दस्तयाब हुए पशु संरक्षण हेतु संबंधित को सुपुर्द किए गए थे। संबंधित अन्य फरार आरोपी की तलाश व विवेचना कार्यवाही जारी थी। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु दो हजार रूपए के ईनाम की उद्घोषणा की गई थी। थाना बाजना पुलिस द्वारा फरार इनामी आरोपी भज्जू उर्फ रामस्वरूप यादव पिता गौरी शंकर यादव निवासी मझौरा थाना बाजना को गिरफ्तार किया, अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बाजना निरीक्षक राजेश सिकरवार, सहायक उप निरीक्षक मनमोहन सिंह मार्को, प्रधान आरक्षक राम जी, आरक्षक संजय लोधी, भरत लाल, सुनील अहिरवार, रमेश, महिला आरक्षक पूनम मिश्रा एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# अवैध लकड़ी भंडारण पर नौगॉव तहसीलदार रंजना यादव की कार्यवाही

## जिला कलेक्टर पार्थ जयसवाल और एसडीएम विशा मधवानी के निर्देश पर बड़ी कार्यवाही



हरपालपुर। थाना क्षेत्र के मडोरी गॉव में सड़क किनारे रखी दो ट्रक सेमरा की लकड़ी के भंडारण पर नौगॉव तहसीलदार रंजना यादव की बड़ी कार्यवाही। राजस्व अमले के साथ के मौके पर पहुंच कर जाँच में पाया गया कि अवैध लकडियो का भंडराण किया गया हैं। जिस पर तत्काल कार्यवाही की करते हुए लकड़ियों के भंडारण को ज़ब्त कर पंचनामा बनाया गया।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321